देश में स्थानीय रेलगाड़ियां आरम्भ करने संबंधी प्रस्ताव

2946. श्री सुशील कुमार संभाजी राव शिंदे : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार मुम्बई और दिल्ली की स्थानीय रेलगाड़ी व्यवस्था की तरह देश के कतिपय शहरों में स्थानीय रेलगाड़ियां उपलब्ध कराने का विचार रखती हैं ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) जी, हां ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) संसाधनों की तंगी के कारण ऐसा करना संभव नहीं है ।

रेलवे में अग्रिम आरक्षण

2947. श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिंदे : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि काफी पहले रेल टिकट बुक कराने की प्रणाली के कारण भ्रष्टाचार और टिकट रद्द करने की समस्या बढ़ गई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार एक सप्ताह पहले आरक्षण करने की प्रणाली बनाने के विषय में विचार कर रही है ;

(ग) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका) :

(ख) से (घ) चूंकि किए गए विश्लेषण के आधार पर यह देखा गया था कि अधिकांश यात्री 45 दिन पहले तक ही अग्रिम आरक्षण का अनुरोध करते हैं, इसलिए 1-10-93 से अग्रिम आरक्षण अवधि 60 दिन से घटाकर 45 दिन कर दी गयी है ।

सुपर एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के यात्रियों को बिस्तर दिया जाना

2948. श्री शिव प्रसाद चनपुरिया : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) निजामुद्दीन और जबलपुर के बीच चलने वाली 2411 तथा 2412 सुपर एक्सप्रेस रेलगाड़ी के वातानुकूलित सवारी डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों की मांग पर दिए जाने वाले प्रत्येक बिस्तर में प्रदत्त मदों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) प्रति बिस्तर कितना प्रभार लिया जाता है ;

(ग) क्या ये बिस्तर रेलवे प्रदान करता है या ठेकेदार ;

(घ) ओढ़ने और बिछाने की प्रत्येक चादर की निश्चित लम्बाई और चौड़ाई कितनी-कितनी है ; और

(ङ) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि यात्रियों को प्रदत्त चादरों की चौड़ाई केवल दो फुट होती है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) यात्रियों को सप्लाई किए जाने वाले बिस्तर के साथ एक कंबल, तकिया कवर सहित एक तकिया, एक तौलिया और दो चादरें होती हैं ।

(ख) 10 रु० प्रति बिस्तर प्रति यात्री ।

(ग) ये रेलों द्वारा सप्लाई किए जाते हैं ।